# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांकः राजकाज प.(16834–6380540) दिनांक : ई–हस्ताक्षर दिनांक

## कार्यालय आदेश

नागरिक सेवाओं के प्रकरणों में आवेदकों द्वारा पुनः खोले जाने हेतु ऑनलाईन अनुरोध (Online Reopen Request) पर गुणावगुण के आधार पर स्वीकृत/खारिज (Accpect/Discard) किये जाने हेतु निम्नानुसार व्यवस्था निर्धारित की जाती है :–

1. आवेदक द्वारा अनुरोध प्रथम 07 दिवस तक संबंधित जोन उपायुक्त के खाते में दर्शित होगा तथा इस अवधि में जोन उपायुक्त द्वारा स्वीकृत/खारिज किया जा सकेगा।
2. जोन उपायुक्त द्वारा 07 दिवस में आवेदक के अनुरोध को स्वीकृत/खारिज नहीं किए जाने की स्थिति में प्रकरण स्वतः उपायुक्त (नागरिक सेवा केन्द्र) के खाते में अन्तरित हो जाएगा एवं उपायुक्त (नागरिक सेवा केन्द्र) द्वारा आवेदक के अनुरोध को स्वीकार/खारिज किया जा सकेगा।
3. आवेदक द्वारा अनुरोध पर अंकित टिप्पणी/रिमार्क/अपलोड दस्तावेजों के आधार पर ही उपायुक्त (जोन/नागरिक सेवा केन्द्र) द्वारा प्रकरण को Reopen किया जाएगा। अर्थात् इस हेतु आवेदक को कार्यालय नहीं बुलाया जाएगा एवं Offline कोई भी प्रार्थना–पत्र आदि मंगवाए/प्राप्त नहीं किये जायेंगे।
4. आवेदक द्वारा अनुरोध को संबंधित जोन उपायुक्त/उपायुक्त (नागरिक सेवा केन्द्र) द्वारा अधिकतम दो बार तक खारिज किया जा सकेगा। दो बार के बाद आवेदक द्वारा अनुरोध किए जाने पर उपायुक्त द्वारा अनुरोध स्वीकृत किया जा सकेगा, किंतु खारिज किये जाने योग्य पाया जाने पर अनुशंसा कर संबंधित अतिरिक्त आयुक्त को अग्रेषित किया जा सकेगा।
5. उपायुक्त से अनुशंसा होकर प्राप्त प्रकरण पर अतिरिक्त आयुक्त द्वारा आवेदक के अनुरोध को स्वीकृत/खारिज किया जा सकेगा।
6. अतिरिक्त आयुक्त द्वारा खारिज किए गए अनुरोध प्रकरणों में उपायुक्त (नागरिक सेवा केन्द्र) से अनुमति (Activate Reopen) करवाए जाने के उपरांत ही Online Reopen Request की जा सकेगी।
7. जोन उपायुक्त द्वारा दो या अधिक बार खारिज किये गये आवेदकों के अनुरोध प्रकरण संबंधित अतिरिक्त आयुक्त के खाते में दर्शित होंगे, जिनके द्वारा नियमित समीक्षा की जावेगी।

(निशान्त जैन)
सचिव

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा जयपुर।
3. निदेशक (नगर आयोजना/विधि/अभियांत्रिकी/वित्त), जविप्रा, जयपुर।
4. समस्त अतिरिक्त आयुक्त, जविप्रा जयपुर।
5. समस्त उपायुक्तगण, जविप्रा जयपुर।
6. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा जयपुर।
7. रक्षित पत्रावली।

(प्रिया बलराम शर्मा)
अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन)

Signature Not Verified
Digitally Signed by Nishant Jain
Designation : Secretary
Date :03-07-2025 03:57:32